प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीए सरकार के केन्द्र में ग्यारह साल पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की। श्री मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में किसानों की समृद्धि के लिए किए गए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जिनसे कृषि क्षेत्र में बड़ा परिर्वतन सुनिश्चित हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि किसानों के कल्याण के निए सरकार के प्रयास आने वाले समय में और भी मजबूती से जारी रहेंगे।

00000

भारत में बेहद गरीबी की हालत में रहने वालो की संख्या कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। 2011–12 से 2022–23 के बीच 26 करोड़ 90 लाख लोगों को बेहद गरीबी की हालत से बाहर निकाला गया। एनडीए सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में लागू की गई पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जनधन योजना और आयुष्मान भारत योजना की मदद से गरीबी की दर घटाने में यह बड़ी सफलता मिली है।

00000

नेकी की राह पर कुर्बानी का त्यौहार ईद–उल–अज़हा आज मनाया जा रहा है। इस मौके पर ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज़ अदा की गई। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में ईद–उल–अज़हा को लेकर विशेष उत्साह बना हुआ है। सुबह नमाज़ अता करने के लिए बडी संख्या में लोग पंहुचे। नमाज़ के बाद परम्परागत रूप से कुर्बानी की रस्म अदा की जा रही है। इस बीच प्रशासन ने बकरा ईद पर दी जाने वाली कुर्बानी को लेकर लोगों से आग्रह किया है कि वे खुले में कुर्बानी ना करें और इनके वीडियो भी वायरल करने से बचें। गौरतलब है कि ईद उल अजहा हज़रत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के आदेश का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की याद में मनाया जाता है।

00000

फ्रांस की एयरोस्पेस कंपनी दसां एविएशन और भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे का संयुक्त रूप से निर्माण करने से संबंधित चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों कंपनियों की एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत के एयरोस्पेस बुनियादी ढांचे में यह एक महत्वपूर्ण निवेश है और इसके विनिर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेगी। साझेदारी के तहत, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स हैदराबाद में राफेल विमान के प्रमुख संरचनात्मक ढांचों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक निर्माण केन्द्र स्थापित करेगा।

00000

कृषि मंत्रालय और कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की ओर से चलाये जा रहे कृषि संकल्प अभियान के तहत जैसलमेर में किसान–वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम रखा गया। अभियान के तहत जिले के भणियाणां, दांतल, पन्नासर, भोखोडाई, रातडिया और सांकरिया गांवों में कार्यक्रम रखा गया। इनमें किसानों को खेती की नई तकनीक की जानकारी देकर कृषि में नवाचार को बढाने के प्रयास किये गये।

00000

डूंगरपुर जिले में पंचायत उप चुनाव के तहत कल मतदान होगा। वहां जिला परिषद की दो सीटों पर और आसलपुर पंचायत समिति की बनकोडा सीट पर वोट डाले जायेंगे। इसके लिए 98 मतदान दल बनाये गये है। जिला मुख्यालय स्थित एसबीपी कॉलेज से आज मतदान दलों की रवानगी हो रही है।

0000

साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल गोगामेडी मेले की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर कानाराम ने बैठक ली। उन्होंने पुलिस, यातायात, पेयजल, चिकित्सा सहित विभिन्न विषयों पर अधिकारियों से चर्चा की। इससे पहले जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने गोगा जी समाधी पर पूजा अर्चना की तथा हरियालो राजस्थान

के तहत प्रौधा लगा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गौरतलब है कि 9 अगस्त से भरने वाले मेले में विशाल टैंट सिटी बनायी जायेगी जिसमें पांच हजार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी।

0000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने के बाद इन दिनों तापमान में फिर से बढोतरी होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले हफ्ते में ज्यादातर स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा। अगले दो–तीन दिनों में पारे में फिर उछाल देखा जायेगा। पश्चिमी राजस्थान और सीमावर्ती जिलों में अधिकतम तापमान के 45 डिग्री सैल्सियस के पार पंहुचने की संभावना है। विभाग ने जोधपुर संभाग में कल से हीटवेव का नया दौर शुरू होने का अंदेशा जताया है। बीकानेर संभाग और आस पास के क्षेत्रों में धूलभरी हवायें चल सकती है।

000